गणपति बप्पा मोरया के जय घोष के साथ बिराजे विघ्न विनाशक

दिनभर चलता रहा मूर्तियों के ले जाने का सिलसिला, उत्साही युवा सड़क में खूब थिरके

नवभारत न्यूज

सतना, 27 अगस्त. गणेश चतुर्थी के अवसर पर शहर में जगह जगह गणेश प्रतिमाओं के स्थापना का सिलसिला बुधवार को सुबह से जो शुरू हुआ वो देर शाम तक अनवरत जारी रहा. इस दौरान प्रतिमाओं को स्थापना स्थल तक ले जा रहे युवा मार्ग में रंग गुलाल उड़ाते तेज गीत संगीत में खूब थिरके.

शुक्ल पक्ष भाद्रपद की चतुर्थी के अवसर पर विराजित किये जाने वाले भगवान गणेश को लेकर इस वर्ष लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है . पहली बार सार्वजनिक गणेश पण्डालों के साथ साथ लोग घरों में भी भगवान विघ्न विनाशक की प्रतिमाएं स्थापित कर रहे हैं. इस वर्ष बाजार में भी प्रति बिक्री के लिए पूर्व के वर्षों से अधिक दुकानें पिछले एक हफ्ते से सजाई गई थी.सिविल लाइन से कोठी मोड़ तक सड़क के एक ओर लगी दुकानों में प्रतिमा व पूजन सामग्री की बिक्री की जा रही थी. इसी प्रकार पहली बार प्रेमनगर,अण्डरब्रिज के किनारे भी मूर्ति बिक्री के लिए दुकानें सजाई गई थी.परम्परागतढंग से जयस्तम्भ व बिहारी चौक में प्रतिमा बिक्री के लिए लगने वाली दुकानें पूर्व की वर्षों की भांति इस वर्ष भी लगाई गईं.

मिट्टी की प्रतिमाओं की मांग रही–बाजार में प्रतिमा बेचने के लिए लगी दुकानदारों ने चर्चा में यह स्वीकार किया कि इस वर्ष लोगों ने प्लास्टर आफ पेरिस के बजाय मिट्टी की प्रतिमाओं की खरीददारी पर ज्यादा जोर दिया. इस वर्ष बाजार में बिक्री के लिए आई मिट्टी की प्रतिमाओं को प्लास्टर आफ पेरिस की तरह ही सुन्दर और आकर्षक स्वरूप में बनाया गया. मिट्टी की प्रतिमाओं की कीमत भी न्यूनतम 200 से लेकर एक हजार रुपए तक रही. आकार व स्वरूप के आधार पर बिक्रेता प्रतिमाओं की कीमत तय कर रहे थे.

पण्डालों को भी दिया आकर्षक रूप –शहर के जिन स्थानों पर सार्वजनिक रूप से गणेश प्रतिमा स्थापित की जाती है वहां के पण्डालों को आकर्षक रूप से सजाया गया है. खासतौर पर बिजली की रंगबिरंगी रोशनी के साथ कुछ स्थानों पर शंकर पार्वती की भी प्रतिमाएं स्थापित की गई है.

दस्यु बबुली कोल गिरोह के कैजुअल मेम्बर लवलेश को छह साल की कैद

विशेष न्यायाधीश ने सुनाया निर्णय

नवभारत न्यूज

सतना/चित्रकूट, 27 अगस्त. मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर दस्यु बबुली कोल गिरोह के कैजुअल मेम्बर लवलेश कोल को न्यायालय ने छह वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 8,000 अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि वर्ष 2015 में तत्कालीन राजापुर थाना प्रभारी आरबी सिंह मानिकपुर और मारकुण्डी थाने की पुलिस टीम के साथ दस्यु बबुली कोल गिरोह द्वारा कल्याण सुंचरी जंगल के वन कर्मियों के साथ मारपीट किए जाने की सूचना पर घटना स्थल की ओर जा रहे थे। इस दौरान मुखबिर ने बताया कि दस्यु सरगना इनामी बदमाश बबुली कोल अपने साथियों के साथ नागर गांव के ठर्री पहा? में मौजूद है। जिसके बाद पुलिस टीम ठर्री पहा? पहुंच गई। यहां पहा? पर मौजूद दस्यु बबुली कोल के सदस्यों ने राइफल और बन्दूकों से पुलिस पर फायरिंग शुरु कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की, किंतु बदमाश जंगल की भौगोलिक स्थिति का फायदा उठाकर भाग निकले। इस मामले में दस्यु सरगना बबुली कोल समेत कई लोगों का नाम प्रकाश में आया था। कुछ दिनों बाद दस्यु सरगना बबुली कोल पुलिस मुठभे? में मारा गया था, जबकि गिरोह का कैजुअल मेम्बर मानिकपुर थाना क्षेत्र के निही चिरैया गांव का निवासी लवलेश कोल गिरफ्तार कर लिया गया था। जिसके विरुद्ध पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को विशेष न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने का दोष सिद्ध होने पर लवलेश कोल को छह वर्ष कारावास के साथ 8,000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

यात्रियों ने किया हंगामा, दो घंटे स्टेशन में खड़ी रही क्षिप्रा एक्सप्रेस

- यात्रियों ने वापस मांगे टिकट के पैसे
- यात्रियों के सामने अधिकारी दिखे असहाय

नवभारत न्यूज

सतना, 27 अगस्त. इंदौर से चलकर हावड़ा की ओर जाने वाली क्षिप्रा एक्सप्रेस की द्वितीय श्रेणी वातानुकूलित बोगियों में एसी बंद होने का विरोध कर सवार यात्रियों ने सतना रेलवे स्टेशन में जमकर हंगामा किया. यात्रियों की मांग थी कि जहां से यात्रा शुरू हुई है वहां से एसी बंद चल रहे हैं ऐसी स्थिति में उनका किराया वापस किया जाए.

मिली जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 12 बजे के आसपास क्षिप्रा एक्सप्रेस सतना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्र. 2 पर पहुंची. पहुंचते ही सवार यात्रियों ने ट्रेन में चल रहे गार्ड को घेर कर बंद एसी सेकंड के एसी चालू कराने की मांग की . स्थिति को बिगड़ते देख गार्ड ने स्थानीय प्रशासन व रेलवे अधिकारियों को यात्रियों को हो रही दिक्कतों की जानकारी दी.स्थानीय अधिकारी मौके पर पहुंचकर यात्रियों को तकनीकि दिक कतों का हवाला देकर यात्रा जारी रखने का सुझाव दिया. यात्रियों का आरोप था कि इंदौर से ही उन्हें एसी की सुविधा यात्रा के दौरान नहीं मिली है. ऐसी स्थिति में उमस और गर्मी के कारण यात्रा करना संभव नहीं हो पा रहा. हलांकि यात्रियों की समस्याओं के समाधान सतना स्टेशन पर नहीं हो पाया.

विवश दिखे अधिकारी

सतना रेलवे स्टेशन का प्रशासन यात्रियों की सुविधाओं को लेकर कितना गंभीर है इसका नजारा बुधवार को देखने को मिला . एसी की सुविधा बहाल करने के बजाय अधिकारी इस बात का प्रयास पूरे समय करते रहे कि किसी तरह यात्री ट्रेन में सवार होकर आगे रवाना हो जाए .

ट्रेन में लगे दो इंजन फिर भी बिजली बंद

जानकारी के मुताबिक क्षिप्रा ट्रेन में बुधवार के दिन आगे और पीछे दो इंजन लगाए गए थे इसके बावजूद उनका जनरेटर काम नहीं कर रहा था जिसकी वजह से ट्रेन के एसी बंद चल रहे थे . नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर एक अधिकारी ने बताया कि रेलवे की हालत दिनोंदिन खराब होती जा रही है . यात्री सुविधाओं की ओर न तो अधिकारी ध्यान दे रहे हैं न ही ऊपर से किसी के ऊपर कोई जिम्मेदार तय की जा रही है . आए दिन ट्रेनों में ऐसी ही हालात रहते हैं .

राजेश का निधन

सतना, 27 अगस्त. जिले के उचेहरा निवासी पत्रकार कैलाश ताम्रकार के छोटे भाई 56 वर्षीय राजेश भाई का कई माह पूर्व एक्सीडेंट हो गया था, इलाज के दरमियान उनका निधन हो गया. राजेश के निधन पर स्थानीयजनों ने शोक व्यक्त किया है. श्री राजेश दुर्घटना के बाद से जबलपुर,सतना कई जगह इलाज के लिए भर्ती कराए गए लेकिन कहीं कोई लाभ नहीं हुआ.

चिकित्सक में सेवा भाव ही सर्वोपरि : पद्मश्री डॉ . अशोक गुप्ता

नवभारत न्यूज

सतना, 27 अगस्त. इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सतना द्वारा देश के सुविख्यात प्लास्टिक सर्जन एवं पद्मश्री सम्मान से अलंकृत डॉक्टर अशोक गुप्ता को स्थानीय पार्क होटल मे आयोजित किया गया.

इस गरिमामयी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ अमित भाटी एवं डॉ कपिल राऊत, अध्यक्ष डॉ राकेश अग्रवाल,एडिटर डॉ आर के नेमा, सचिव डॉ अलोक खन्ना, कोषाध्यक्ष डॉ ललित गुप्ता, डॉ संगीता जैन एवं उपस्थित सभी डॉक्टर्स द्वारा सम्मान पत्र भेंट किया गया साथ ही उनकी धर्मपत्नी डॉ कंचन गुप्ता को भी सम्मानित कर स्वागत किया गया। डॉ. गुप्ता ने चिकित्सा के क्षेत्र में निरंतर सेवा, अनुसंधान और मानवता के प्रति समर्पण से समाज में विशेष पहचान बनाई है। भारत सरकार द्वारा उन्हें प्रदान किया गया पद्मश्री अलंकरण उनके अद्वितीय योगदान की स्वीकृति है इस अवसर पर आईएमए सतना के अध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल ने कहा कि डॉ. गुप्ता ने चिकित्सा पेशे में उत्कृष्ट कार्य करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का प्रयास किया है। उनका जीवन चिकित्सकों के लिए प्रेरणा स्रोत है। समारोह में शहर के वरिष्ठ डॉक्टर्स मुख्य रूप से डॉ आशीष जैन, डॉ राजेश जैन, डॉ डी के तिवारी, डॉ नीलेश्वर शर्मा, डॉ नरेंद्र शर्मा, डॉ सुनील अग्रवाल, डॉ नवल नेमा, डॉ आरख , डॉ रजनीश जायसवाल डॉ संजय माहेश्वरी डॉ रेखा माहेश्वरी, डॉ प्रीति नेमा, डॉ अशोक अवधिया, डॉ जी पी सिंह, डॉ मनोज जगवानी, डॉ अनुज पाण्डे, डॉ रेखा पाण्डे, डॉ ज्योत्सना जैन,डॉ भूमिका जगवानी, डॉ सुनीता गुप्ता,डॉ राजीव गुप्ता आदि रहे.

चित्रकूट विकास के संबंध में बैठक कर सांसद ने संतों से लिए सुझाव

नवभारत न्यूज

सतना, 27 अगस्त. धार्मिक नगरी चित्रकूट में चल रहेहैं, सतत विकास के कार्यों में आवश्यक सुझाव के लिए संतों के साथ एक वृहद बैठक मंदाकिनी रिसॉर्ट चित्रकूट में आयोजित की गई। जिसमें संतों सहित कई लोगों ने चित्रकूट विकास के संबंध में अपनी-अपनी बातें रखी।

इस दौरान सांसद गणेश सिंह ने चित्रकूट के सतत विकास के लिए संतों के सभी बातों का स्वागत करते हुए उन्हें अस्वस्थ किया कि इन सभी सुझावों का अमल किया जाएगा और समय-समय पर सभी साधु संतों का परामर्श लिया जाएगा, सांसद श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने चित्रकूट विकास प्राधिकरण बनाया है, भगवान राम लोक बना रहे हैं, प्रधानमंत्री की प्रेरणा से केंद्र सरकार द्वारा सतना-मैहर-चित्रकूट फोरलेन सड़क बनाई जा रही है, जिसे बुंदेलखंड एक्सप्रेस से जोड़ा जाएगा, जिसका निर्माण कार्य किया जा रहा है, चित्रकूट में भारत सरकार ने कई कार्य स्वीकृत किए हैं, मां मंदाकिनी को अविरल बनाएं बनाने के लिए पिंडरा के पास देवरी सागर का निर्माण किया जा रहा है, परिक्रमा पथ का नवीनीकरण किया जा रहा है, मल्टी पार्किंग सभी तीर्थ स्थलों का सौंदर्यीकरण एवं जन सुविधाएं बनाने का कार्य प्रारंभ है, पीलीकोठी से मोहकमगढ़ तक कंक्रीट फोरलेन सड़क बनाई जा रही है, चित्रकूट को मुख्यमंत्री ने धार्मिक नगरी घोषित किया है, बहुत जल्द ही चित्रकूट के सारे धार्मिक कार्य पूरे होंगे और एक भव्य धार्मिक नगरी चित्रकूट दिखेगा।

ये रहे मौजूद

बैठक में मुख्य रूप से पूज्य संत श्री सनकादिक महाराज , रामनरेश दास महाराज, सच्चिदानंद महाराज जी, सीताशरण महाराज, बलरामदास महाराज, जानकीशरण महाराज, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती पांडे, विनीता शिवहरे मंडल अध्यक्ष, साधना पटेल नगर पंचायत अध्यक्ष, श्यामदिन शर्मा, कार्तिकेय द्विवेदी, नीरज शर्मा, काशी त्रिपाठी, आशीष पटेल छोटू, महेश गुप्ता, विनीत त्रिपाठी, रविमाला सिंह पार्षद, अनिल जायसवाल डीआरआई, डॉ वरुण गुप्ता डीआरआई, महिपाल सिंह एसडीएम, कमलेश भदौरिया तहसीलदार, हिमांशु शुक्ला तहसीलदार, अंकित सोनी सीएमओ, अमित तिवारी इंजीनियर उपस्थित रहे।

संतों ने दिए सुझाव

बैठक में संतों की तरफ से जो सुझाव दिए गए हैं, उनमें प्रमुख रूप से मां मंदाकिनी में आ रहे गंदे जल को रोका जाए, सीवर का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए, सड़क के कार्य को दीपावली मेले के पहले -पहले पूरा किया जाए, अधूरे पड़े नाली के कार्य को ठीक कराया जाए, मल्टी लेवल पार्किंग व्यवस्था बनाई जाए, मंदाकिनी के रिक्त स्थानों पर घाट, सुलभ शौचालय, पार्किंग तथा आवागमन के लिए सड़क का निर्माण कराया जाए, साधु संतों को भी सरकार की योजनाओ के साथ जोड़ा जाए, जंगलों में साधना कर रहे हैं। साधु संतों को संरक्षण दिया जाए, चित्रकूट के सभी तीर्थस्थलों में जन सुविधाएं बढ़ाई जाए, अमावस्या तथा दीपावली में मेले के लिए रिक्त पड़े भूखंडों में पार्किंग की व्यवस्था की जाए, अधिक से अधिक सुलभ शौचालय का निर्माण हो, चित्रकूट में स्वामी रामानंदचार्य की मूर्ति स्थापित करवाई जाए, कई ऐसे महत्वपूर्ण सुझाव संतों की तरफ से दिए गए।

एक नजर में

केन्द्रीय जेल में गणेशोत्सव प्रारंभ

सतना . प्रथम आराध्य देव श्री गणेश जी का जन्मोत्सव शहर के साथ-साथ केन्द्रीय जेल सतना में भी धूमधाम से मनाया जाता है। बंदीगण भगवान गणेश जी की भक्ति में लीन रहते है। इस वर्ष गणेशोत्सव दिनांक 27 अगस्त 2025 से दिनांक 06 सितम्बर 2025 अनन्त चतुर्दशी तक मनाया जावेगा। जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा द्वारा बताया गया कि केन्द्रीय जेल सतना में बंदियों को अन्य रोजगार मूलक प्रशिक्षणों के साथ-साथ, मूर्तिकला प्रशिक्षण भी दिया जाता है जिसमें बंदी मिट्टी से भगवान श्री कृष्ण, मां दुर्गा, मां सरस्वती -लक्ष्मी, भगवान गणेश, हाथी, मोर इत्यादि का निर्माण करते है।

मारवाड़ी महिला मंडल ने की विजिट

सतना . मारवाड़ी महिला मंडल के मेंबर्स बरसात का आनंद लेते हुए सिविल लाइन थाना के बग़ल से लेक व्यू गार्डन में घूमने पहुंची । बहुत ही रमणीय स्थल था और मौसम भी मज़ेदार था । लेक काफ़ी सुंदर है और शाम को लाइट्स जलने के बाद बहुत ही सुंदर लग रहा था सब वहां पर घूमने का मज़ा लिया और गेम्स खेले और मौज मस्ती की । अध्यक्ष इन्दु अग्रवाल, लता केजरीवाल, राखी सफारिया, सुनीता बंसल ,सरिता अग्रवाल, रेखा गर्ग ,रेखा अग्रवाल, ममता चमड़िया, अरुणा गोयल, उमा गोयल, ज्योति चमड़िया, कुसुम जैन ,शैल रजनी, उषा, मधु पाखी ,उर्मिला दीपा मंजु सरिता उषा उर्मिला चमड़िया, सरिता देवड़ा आदि बहने मौजूद रही ।

धनवानी परिवार ने गणेश प्रतिमा स्थापित की

सतना । धनवानी परिवार ने घर पर विधि विधान के साथ गणेश भगवान जी की स्थापना की। विगत 10 साल से धनवानी परिवार सुभाष पार्क स्थित निवास पर गणेश की प्रतिमा स्थापित करता रहा .

108 दीपक से आदिनाथ भगवान की आरती उतारी

सतना। पर्युषण महापर्व के अंतिम दिन श्री श्वेतांबर जैन संघ के सभी लोग सावंत्सरी प्रतिक्रमण करने के पश्चात श्री महावीर कॉलोनी लाभार्थी परिवार सुरेशचंद अमृतलाल के निवास पहुंचे और परिवार के संदीप कुमार जैन और उनकी धर्मपत्नी प्रतिभा जैन को बग्घी में बैठा कर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुवे श्री आदिनाथ जिनालय ले कर आए।

छह खिलाड़ी कोच के साथ नेशनल किक बॉक्सिंग के लिए चेन्नई रवाना

नवभारत न्यूज

सतना, 27 अगस्त. वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किकबॉक्सिंग फेडरेशन इंडिया के बैनर तले चेन्नई के स्पोर्ट्स डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ़ तमिलनाडु मल्टीपर्पज स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित चिल्ड्रन एंड कैडेट किकबॉक्सिंग नेशनल चैंपियनशिप में जिले के 6 खिलाड़ी प्रणव त्रिपाठी, देवांश त्रिपाठी, तुषित दुबे, दिव्यांश सिंह परिहार, आयुष तिवारी और साहिल मिश्रा मध्य प्रदेश टीम के असिस्टेंट कोच राहुल सिंह के साथ संघमित्रा एक्सप्रेस से चेन्नई के लिए रवाना हो गए। जानकारी देते हुए किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ़ सतना के सचिव सेंसाई अंबुज सिंह बघेल ने बताया कि विगत दिनों इंदौर में आयोजित स्टेट कराटे चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने उत्कर्ष प्रदर्शन करते हुए स्वर्णिम सफलता अर्जित की थी इसी प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों ने प्रदेश टीम में अपनी जगह बनाई है।

महर्षि कश्यप ऋषि जयंती पर निकली वाहन रैली

नवभारत न्यूज

सतना, 27 अगस्त. महर्षि कश्यप ऋषि जयंती की पूर्व संध्या पर आज हनुमान नगर नई बस्ती से भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया।

वाहन रैली की शुरुआत भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौभाग्य केसरी ने हरी झंडी दिखाई समाजजनों ने उत्साहपूर्ण माहौल में महर्षि कश्यप ऋषि के जयकारों के साथ निकली। वाहन रैली श्रीयुवा वैश्य परिषद अध्यक्ष बलराम गुप्ता वाहन रैली संयोजक विकास गुप्ता ने जानकारी दी कि यह रैली हनुमान नगर नई बस्ती से प्रारंभ होकर सेमरिया चौक, कृष्ण नगर, स्टेशन रोड, जय स्तंभ चौक, बिहारी चौक, पत्रीलाल चौक, अस्पताल चौक, कशोधन धर्मशाला, हनुमान चौक, लालता चौक, नव दुर्गा चौक, बांस नाका से होते हुए टिकुरिया टोला स्थित कश्यप चौक में पूजन के साथ संपन्न हुई। जिस-जिस मार्ग से होकर निकली, वहां स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत किया और उन्हें आगामी मुख्य कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आमंत्रण दिया। परिषद अध्यक्ष कमलेश प्रसाद गुप्ता एवं कार्यक्रम संयोजक छबि गुप्ता श्री वैश्य परिषद मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू ने बताया कि समारोह को सफल बनाने के लिए परिषद अध्यक्ष कमलेश प्रसाद गुप्ता, महामंत्री घनश्याम केसरी एवं संयोजक छबि गुप्ता* इस अवसर पर कशोधन वैश्य समाज अध्यक्ष राधिका गुप्ता, महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता आदि रहे.

उद्योगपतियों ने दिखाया उत्साह,12वां व्यापार मेला की तैयारियां प्रारंभ

नवभारत न्यूज

सतना, 27 अगस्त. विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज,सतना द्वारा 19 दिसम्बर 2025 से 29 दिसम्बर 2025 तक चेम्बर द्वारा 11 दिवसीय 12वां विन्ध्य व्यापार मेला आयोजित किया जा रहा है जिसकी तैयारियों को लेकर आवश्यक बैठक सतना के उद्योग जगत से जु? व्यापारियों के साथ बुधवार सायं 04 बजे चेम्बर सभागार सतना मे चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा की अध्यक्षता मे आयोजित की गई।

चेम्बर मंत्री हरिओम गुप्ता ने बताया कि चेम्बर द्वारा 19 दिसम्बर 2025 से 29 दिसम्बर 2025 तक विन्ध्य व्यापार मेला 2025 का आयोजन बी.टी.आई. ग्राउण्ड रीवा रोड सतना में आयोजित किया जा रहा है। मेला के आयोजन की व्यवस्था एवं तैयारियों के सन्दर्भ मे सतना के व्यापार जगत से जु? हस्तियों के साथ आवश्यक बैठक का आयोजन आज चेम्बर सभागार मे किया गया जिसमे उपस्थित सदस्यो से विभिन्न रचनात्मक सुझाव प्राप्त हुये। जिन्हे क्रियान्वित करने का प्रयास चेम्बर टीम द्वारा किया जायेगा।चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा ने कहा कि आप सभी के सक्रिय सहयोग से विन्ध्य व्यापार मेला 2025 ऐतिहासिक होगा विन्ध्य व्यापार मेला सफल बनाने के लिए हम शासन प्रशासन के सम्पर्क मे है। आटोमोबाइल्स, रोड टैक्स मे छूट दिलाने के लिए मुख्यमंत्री से मिलकर इसका लाभ सतना के व्यापारियों को दिलाया जायेगा साथ ही मेले मे स्वदेशी वस्तुओं के बारे मे लोगो के जागरूक किया जाएगा।